**MOHIT**
**PAPER MILLS LIMITED**

Works : 9 Km. Stone, Nagina Road
Bijnor-246 701 (UP) INDIA
Tele : 01342 - 283051
E-mail : mohit.paper@rediffmail.com
info@mohitpaper.in
Website : www.mohitpaper.in
CIN : L21093DL1992PLC116600

To,
The Listing Department,
BSE Limited,
P.J. Towers, Dalal Street,
Fort, Mumbai-400 001

Date: 18/05/2024

**SCRIP CODE: 530169**
**SCRIP ID: MOHITPPR**

**Respected Sir/Madam,**

**Sub: Intimation of Publication of Postal Ballot Information/Notice**

Pursuant to applicable provisions of The Companies Act, 2013 ("Act") and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulation"), Mohit Paper Mills Limited (the "Company") has dispatched the Notice of Postal Ballot with explanatory statement on Friday, May 17, 2024 to all members of the Company via Email, which is registered with Depository Participant ("DP") or The Company as on Wednesday, May 15, 2024 ("cutoff date").
Further, pursuant to the Regulation 30, 47 of Listing Regulation, the information or notice of Postal Ballot of the Company has been published in One Hindi and One English News Paper (Attached herewith).

Kindly acknowledge the same.

Thanking You,
For Mohit Paper Mills Limited,

Shivam Sharma
Digitally signed by Shivam Sharma
Date: 2024.05.18 11:45:52 +05'30'

Shivam Sharma
Company Secretary
Place: New Delhi
Email: investorsmohitpaper@gmail.com

Encl as above

# आबकारी नीति: ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया, 'आप' को बनाया आरोपी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। इसमें आम आदमी पार्टी (आप) को भी बतौर आरोपी नामजद किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि यहां कि एजेंसी ने विशेष अदालत में अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दाखिल की और आरोपी के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोप तय करने का अनुरोध किया। संघीय एजेंसी ने आप के राष्ट्रीय संयोजक 55 वर्षीय केजरीवाल को 21 मार्च को उनके आवास से गिरफ्तार किया था और इस समय वह अंतरिम जमानत पर हैं। इस मामले में ईडी द्वारा दाखिल यह आठवां आरोप पत्र है और वह अबतक 18 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पिछले सप्ताह इसी तरह का आरोप पत्र ईडी ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के.कविता एवं अन्य चार अन्य के खिलाफ दाखिल किया था। ईडी ने इससे पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री को आबकारी नीति 'घोटाले का सरगना और मुख्य साजिशकर्ता' करार दिया था। एजेंसी ने आरोप लगाया कि उन्होंने दिल्ली सरकार के मंत्रियों, आप नेताओं और अन्य लोगों के साथ साठगांठ कर इसे अंजाम दिया। अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एस.वी.राजू ने बृहस्पतिवार को सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा था कि हमारे पास प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि केजरीवाल एक सात सितारा होटल में रुके थे, जिसके बिल का आंशिक भुगतान मामले के एक आरोपी ने किया था। राजू ने दावा किया कि केजरीवाल ने अब रद्द की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि आप के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में केजरीवाल कथित घोटाले के लिए परोक्ष रूप से जिम्मेदार हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी के खिलाफ मुख्यमंत्री केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर शुक्रवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, लेकिन उन्हें नियमित जमानत के लिए निचली अदालत का रुख करने की छूट दे दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एस वी राजू की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। सिंघवी, केजरीवाल की ओर से, जबकि राजू ईडी की ओर से न्यायालय में पेश हुए। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि दलीलें सुनी गईं। फैसला सुरक्षित है। हालांकि, अपीलार्थी कानून के अनुसार जमानत के लिए निचली अदालत का रुख कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने मामले की फाइल और 30 अक्टूबर 2023 के बाद दर्ज किये गए गवाहों और आरोपी के बयानों पर गौर किया। उसी दिन आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। सिसोदिया भ्रष्टाचार एवं कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में आरोपी हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को धन शोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। मामले में, शीर्ष अदालत ने उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते 10 मई से एक जून तक अंतरिम जमानत दी है। धन शोधन का यह मामला, 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति बनाने और उसके क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार तथा धन शोधन से संबद्ध है। यह नीति अब रद्द की जा चुकी है।

### मुरथल में ढाबा संचालक व तिलक नगर में फायरिंग केस में था शामिल

# मुठभेड़ में 'हिमांशु भाऊ' गैंग का बदमाश ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पश्चिम दिल्ली के तिलक नगर में एक कार शोरूम पर फायरिंग और मुरथल में ढाबा संचालक की हत्या में शामिल शूटर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुठभेड़ में मार गिराया। शाहबाद डेयरी इलाके में मारे गये बदमाश का नाम अजय सिंगरोहा उर्फ गोली बताया गया है। इसका संबंध पुर्तगाल से गैंग ऑपरेट कर रहा गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ बताया गया है।

पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि अजय उर्फ गोली खेड़ा खुर्द गांव में आएगा। इसके बाद एक टीम बनाई गई और जाल बिछाया गया। गुरुवार रात करीब 11.30 बजे पुलिस टीम ने अजय को होंडा सिटी कार से आता देखा। उसे रुकने का इशारा किया गया। लेकिन बदमाश ने पुलिस टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी गोलीबारी में बदमाश को गोली लगी। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार हरियाणा के रोहतक का मूल निवासी अजय दिल्ली और हरियाणा में हत्या, हत्या के प्रयास तथा आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज दर्जन भर वारदातों में शामिल था। पुलिस के मुताबिक वह 10 मार्च को सोनीपत के मुरथल में एक व्यापारी की हत्या में भी शामिल था। इसने मुरथल में एक व्यापारी को उसकी कार से खींच लिया था। उसे दौड़ाकर गोली मारी गई थी। पुलिस के अनुसार अजय ने छह मई को 27 साल के मोहित रिधाऊ के साथ मिलकर तिलक नगर इलाके में पुरानी लक्जरी कार के एक शोरूम पर गोलीबारी की थी। गोलियां कांच के दरवाजों और खिड़कियों पर लगी थी। इस घटना में सात लोग घायल हुये थे। गोलीबारी की घटना के बाद हमलावरों ने मौके पर हाथ से लिखा एक नोट छोड़ा था, जिसमें तीन बदमाशों भाऊ, नीरज फरीदकोट और नवीन बाली के नाम लिखे थे। शोरूम के मालिक को एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से पांच करोड़ की रंगदारी की कॉल भी की गई थी। पुलिस के अनुसार बाद में रिधाऊ को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया था।

### हथियार के बल पर लूट करने वाले तीन बदमाश धरे

**नई दिल्ली।** गाजीपुर इलाके में दिनदहाड़े हथियार के बल पर लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। इनसे लूटी गई रकम में से 1.60 लाख रुपए कैश भी बरामद हुआ है। इसके साथ ही अपराध में इस्तेमाल हथियार और फर्जी नंबर प्लेट वाला वाहन भी जब्त किया गया है। आरोपियों के नाम जितेंद्र उर्फ जय, जीतू उर्फ तुषार और सूरज उर्फ अंकित है। पुलिस के अनुसार 30 अप्रैल को मनी ट्रांसफर जितेंद्र राठौड़ की शिकायत पर लूट का मामला दर्ज हुआ था। शिकायत के अनुसार गाजीपुर मंडी के पास बंदूक की नोक पर दो लोगों ने दिनदहाड़े उनसे 4 लाख 55 हजार रुपये लूटे थे। उस समय वह कैश इकट्ठा करने के बाद अपनी दुकान से बाजार जा रहे थे। पुलिस की पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी जीतू साझेदारी के आधार पर दुकान नंबर ए-58, गाजीपुर मंडी में एजेंट के रूप में काम करता है। वह मंडी में थोक में गन्ना बेचता था। वह पहले आरोपी जितेंद्र उर्फ जय के साथ एक अन्य लूट के मामले में शामिल पाया गया है। वह 9 मार्च 2020 को नरेला थाने में दर्ज हुआ था। इस मामले की सुनवाई के दौरान दोनों आरोपी रोहिणी कोर्ट में मिले और इस लूट की साजिश रची। आरोपी सूरज जितेंद्र को भी जानता है। उसने उसे लूट में शामिल होने के लिए मनाया। इसके बाद आरोपी जीतू ने टारगेट की पहचान करने के लिए उन्हें गाजीपुर मंडी में पीड़ित की दुकान दिखाई थी। इसके बाद जितेंद्र और सूरज ने टोल प्लाजा के पास, एनएच-9 पर विनोद नगर मेट्रो डिपो, गाजीपुर के सामने पीड़ित को रोका और बंदूक की नोक पर उससे 4.5 लाख रुपये से भरा बैग लूट अक्षरधाम की ओर भाग गए। आरोपी जीतू कार में उनका पीछा कर रहा था। लूट करने के बाद आरोपी जितेंद्र और सूरज ने मोटरसाइकिल को साहिबाबाद में एक सुनसान जगह पर फेंक दिया था।

## इलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मंगोलपुरी स्थित संजय गांधी अस्पताल में शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान हुई एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुये अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया। परिजन मेडिकल बोर्ड से महिला का पोस्टमॉर्टम करवाने की मांग कर रहे हैं।जानकारी के अनुसार 34 वर्षीय शबनम अपने पति और तीन बच्चों के साथ एफ-7 ब्लॉक सुल्तानपुरी में रहती थी।

पति नईम ने बताया कि बीते 14 मई की रात करीब तीन बजे प्रसव दर्द होने के बाद पत्नी को संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। 14 मई की सुबह शबनम ने एक बच्ची को जन्म दिया। नईम का आरोप है कि उनकी पत्नी और उनकी अनुमति के बिना ही डॉक्टर ने पत्नी को कॉपर टी लगा दी। जिसके कुछ समय बाद ही काफी खून बहने लगा। डॉक्टरों ने उन्हें कहा कि बच्चेदानी का मुंह खुला रह गया है। सर्जरी की जरूरत है। आनन-फानन में शबनम को ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया। नईम का कहना है कि 14 मई की रात आपरेशन कर बच्चेदानी को अलग कर दिया। डॉक्टर का कहना था कि बच्चेदानी निकालने पर उनकी जान बच गई। जिसके बाद शबनम की और हालत बिगड़ती चली गई। शुक्रवार की सुबह उसने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। शबनम की मौत के परिजनों ने अस्पताल के बाहर हंगामा किया। फिर इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस के आलाधिकारियों का कहना है कि पीड़ित परिवार के बयान लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की अधिक जानकारी के लिये संजय गांधी अस्पताल के एमएस और बाहरी जिले के डीसीपी से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# भाजपा ने आप-कांग्रेस पर जारी किया आरोप पत्र




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं आरोप पत्र समिति के अध्यक्ष विधायक विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को संयुक्त प्रेसवार्ता कर दिल्ली भाजपा का आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस पर आरोप पत्र जारी किया। यहां सचदेवा ने कहा कि 'कांग्रेस और आप लूट में भागीदार' यह टाइटल दोनों पार्टियों पर बिल्कुल सटीक बैठता है।

पिछले 9 सालों में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने किस प्रकार से दिल्ली को लूटने का काम किया है, किस प्रकार से दिल्ली में भ्रष्टाचार का शासन चला है, दंगाइयों को सम्मान देने का काम चला है और जिस प्रकार से कांग्रेस ने घुटने टेकते हुए आम आदमी पार्टी के साथ लूट का बंधन किया है, इन सभी बिंदुओं पर आरोप पत्र में विस्तृत रूप से चर्चा की गई है। सचदेवा ने कहा कि पिछले 9 सालों में शराब घोटाला ही केजरीवाल सरकार का एक घोटाला नहीं है, कोविड में दिल्ली की जनता त्रस्त थी उस वक्त अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह शराब घोटाले में पैसे कमाने की योजना बना रहे थे। वहीं, विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि 'यह आप और कांग्रेस दोनों को बेनकाब करने वाला दस्तावेज है।'

### लोकतंत्र की रक्षा में भी बड़ा योगदान देते हैं अधिवक्ता : मेघवाल

**नई दिल्ली।** अधिवक्ता देश की केवल न्याय व्यवस्था के ही प्रहरी नहीं वह लोकतंत्र की रक्षा में भी बड़ा योगदान देते हैं। दिल्ली भाजपा की लीगल सेल द्वारा शुक्रवार को आयोजित एक विशाल अधिवक्ता बैठक के दौरान केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने उक्त संबोधन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेद का विषय है आज देश में एक ठगबंधन बना कर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास हो रहा है, ऐसे में सुशिक्षित अधिवक्ता समाज का दायित्व है कि वह वह लोगों के बीच जनजागरण करके लोगों को गुमराह होने से बचाये। उन्होंने अधिवक्ताओं से नवभारत के निर्माण के लिए भाजपा के समर्थन का आह्वान किया।

### दिल्ली के प्रदूषण को खत्म करने को प्रमुखता देगी इंडिया गठबंधन की सरकार : जयराम

**नई दिल्ली।** एआईसीसी महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही दिल्ली के प्रदूषण को समाप्त करने के लिए प्रमुखता से कार्य करेगी। दिल्ली के बढ़ते प्रदूषण का समाप्त करने के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे और ठोस योजना बनाकर लोगों को इससे मुक्ति देंगे। जयराम रमेश ने कहा कि दिल्ली में प्रशासनिक संरचना भिन्न होने के चलते राजधानी में प्रदूषण की समस्या पड़ोसी राज्यों से भी संबंधित है। ऐसे में प्रदूषण का विषय केंद्र सरकार के अधीन आता है और उसकी जिम्मेदारी उनकी बनती है। जयराम रमेश ने कहा कि दिल्ली के चुनाव में पर्यावरण एक विशेष स्थान रखता है, बावजूद इसके गत दस वर्षों में केंद्र सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। जयराम रमेश शुक्रवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। इस मौके पर रमेश के अलावा प्रदेश मीडिया एवं संचार विभाग के अध्यक्ष अनिल भारद्वाज मौजूद थे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए जयराम ने कहा कि आज सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए वायु प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या बन गई है। दिल्ली के आसपास 11 बिजली स्टेशन हैं, जो कोयले का उपयोग करते हैं। इनमें से 9 में किसी न किसी तरह मानकों का उल्लंघन हुआ है। अरावली की पहाड़ी में अवैध खनन और अवैध निर्माण को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने कदम नहीं उठाए।



### 400 के टारगेट में दिल्ली का होगा शत-प्रतिशत योगदान: पुष्कर सिंह धामी

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दक्षिण दिल्ली से बिधूड़ी के साथ-साथ दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा बड़े अंतर से चुनाव जीतने वाली हैं। पीएम मोदी का 400 सीटों का टारगेट पूरा करने में दिल्ली शत-प्रतिशत योगदान देने वाली है। धामी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है।

### व्यापारियों की समस्याओं के प्रति कांग्रेस प्रतिबद्ध है : देवेन्द्र यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने शुक्रवार को व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए जामा मस्जिद के नजदीक टाउन हॉल कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस व्यापारियों की समस्याओं के प्रति प्रतिबद्ध है। देवेन्द्र ने कहा कि चांदनी चौक से हमारे लोकसभा उम्मीदवार जयप्रकाश अग्रवाल क्षेत्र के लिए नए नहीं है। वह कई बार यहां से सांसद रहे है, चांदनी चौक के लोगों की सेवा की है।

### तिहाड़ जेल में विचाराधीन कैदी की हत्या के मामले में चार व्यक्ति दोषी करार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक विशेष अदालत ने तिहाड़ जेल में एक कैदी की 2021 में हुई हत्या के सिलसिले में चार व्यक्तियों को दोषी करार दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। श्रीकांत रामास्वामी की चार कैदियों ने 14 मई 2021 को हत्या कर दी थी। मामले की जांच सीबीआई ने की थी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर मामले की जांच की जिम्मेदारी संभाली थी। रामास्वामी की बहन ने हत्या की सीबीआई जांच की मांग करते हुए हाईकोर्ट का रुख किया था। सीबीआई ने गहन जांच के बाद यहां अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया था। अधिकारियों ने बताया कि रामास्वामी एक विचाराधीन कैदी था जो हत्या और डकैती के आरोपों का सामना कर रहा था। उन्होंने बताया कि किसी भारी वस्तु से कई वार कर चार कैदियों ने उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे काम नहीं कर रहे थे जिसके चलते घटना की रिकॉर्डिंग नहीं हो सकी थी।

### सुविधा 24 मई तक उपलब्ध रहेगी

# घर से मतदानः पहले दिन 1,482 लोगों ने सुविधा का किया उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन कार्यालय (सीईओ) पी. कृष्णमूर्ति ने 2024 के लोकसभा चुनावों में वृद्ध मतदाताओं और विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के लिए सभी सात संसदीय क्षेत्रों में घर से मतदान सुविधा शुरू की है। यह सुविधा 24 मई तक जारी रहेगी जो लोकसभा चुनाव में पहली बार उपलब्ध कराई गई है। यह सुविधा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपलब्ध है, जिससे उन्हें घर से ही मतदान करने का विकल्प मिल सकेगा। सीईओ कार्यालय से शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को दिल्ली में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और साथ ही दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) वर्ग के 1482 मतदाताओं और बुधवार को 5,424 ने सफलतापूर्वक फॉर्म 12 डी भरा है, जिससे वे 2024 के लोकसभा चुनावों में घर से मतदान की सुविधा प्राप्त कर सकें। यदि वे मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करना चुनते हैं, तो उनके लिए 8,000 स्वयंसेवक और 4,000 व्हीलचेयर मतदान स्थलों पर उपलब्ध किए गए हैं। दिल्ली के सीईओ पी. कृष्णमूर्ति ने इस पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि "वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा प्रदान करके, हम उनके प्रति अपनी देखभाल और सम्मान व्यक्त करते हैं। हमारा लक्ष्य चुनावी प्रक्रिया को सभी के लिए सुलभ बनाना और अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।




**प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (ऋणशोधन में)**
ऋणशोधक का पता : 106, प्रथम तल, कनाकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-400093; Contact: +91 8693053567; Email: liquidator.pratibha@gmail.com

**ई-नीलामी- आईबीसी, 2016 के तहत परिसम्पत्तियों की बिक्री**
नीलामी की तिथि व समय : 12 जून 2024 (बुधवार) अप. 12:00 बजे से अप. 3:00 बजे तक
(5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार सहित)

ऋणशोधन प्रक्रिया नियमनों के नियमन 33 के साथ पठित आईबीसी 2016 की धारा 35 (एफ) के तहत ऋणशोधन सम्पदा का भाग बनाते हुये प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (ऋणशोधन में) द्वारा मालिकाना प्राप्त परिसम्पत्तियों की बिक्री। ई-नीलामी **"जैसा है जहां है", "जैसा है जो है आधार", "जो भी है वहां है आधार"** और **"आवलंब नहीं आधार"** पर आयोजित की जाएगी।

बिक्री ई-नीलामी सेवाप्रदाता **नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड** के माध्यम से वेबसाइट https://www.pda.nesl.co.in के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

राशि आईएनआर में

| क्र. सं. | परिसम्पत्तियों का वर्णन | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि जमा | इंक्रीमेंटल बिड |
|---|---|---|---|---|
| विकल्प ए : एक सुनाम प्रतिष्ठान के रूप में कार्पोरेट कर्जदार की बिक्री नीलामी की तिथि व समय : 12 जून 2024 (बुधवार) अप. 12:00 बजे से अप. 1:00 बजे तक | | | | |
| 1. | एक सुनाम प्रतिष्ठान के रूप में कार्पोरेट कर्जदार की बिक्री (परित्यक्त परिसम्पत्तियां, जारी और शीघ्र होने वाले कानूनी / मध्यस्थता मामले) | 32,50,00,000 | 3,25,00,000 | 30,00,000 |
| विकल्प बी : पार्सल्स में परिसम्पत्तियों की बिक्री नीलामी की तिथि व समय : 12 जून 2024 (बुधवार) अप. 2:00 बजे से अप. 3:00 बजे तक | | | | |
| 1 | फ्लैट नं. 101, प्लॉट नं. 574, उषा कमल, टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे, चेंबूर नाका, चेंबूर, मुंबई 400071 | 1,84,50,000 | 18,45,000 | 1,80,000 |
| 2 | संयंत्र और मशीनरी (टीबीएम को छोड़कर) | 3,95,28,000 | 39,52,800 | 3,00,000 |
| 3 | मर्सिडीज बेंज - एमएच 04 एचयू 1899 (मुंबई) मॉडल: GLS 350D 4 मैटिक | 35,19,000 | 3,51,900 | 30,000 |
| 4 | बीएमडब्ल्यू (सफेद)- MH 43 V 0004 (मुंबई) मॉडल: 730एलडी | 23,71,500 | 2,37,150 | 20,000 |
| 5 | बीएमडब्ल्यू (ब्लैक)-एमएच 04 ईएच 0009 (मुंबई) मॉडल: 730 एलडी डीजल | 23,71,500 | 2,37,150 | 20,000 |
| 6 | जगुआर- एमएच 04 जीयू 0010 (मुंबई) मॉडल: जगुआर XF 3.0L | 19,12,500 | 1,91,250 | 20,000 |
| 7 | बीएमडब्ल्यू-एमएच 04 जीसी 8999 (मुंबई) मॉडल: X1 सीरीज | 11,47,500 | 1,14,750 | 10,000 |
| 8 | कार-कोरोला एल्टिस - डीएल 3सी बीडी 3047 (दिल्ली) मॉडल: कोरोला एल्टिस जी | 8,19,000 | 81,900 | 10,000 |
| 9 | कार - इनोवा - डीएल 14सीए 0172 (दिल्ली) मॉडल: 2.5 वीएक्स 7एस | 5,04,000 | 50,400 | 10,000 |
| 10 | टोयोटा इनोवा 2.5जी-एमएच 04 एफजेड 0969 (मुंबई) मॉडल: 2.5G E4 7ST BS4 | 4,59,000 | 45,900 | 10,000 |
| 11 | इनोवा- MH 04 FZ 0929 (मुंबई) मॉडल: 2.5G E4 7ST BS4 | 4,59,000 | 45,900 | 10,000 |
| 12 | टोयोटा इनोवा 2.5 जेड (मुंबई) - एमएच 04 जीएन 3949 (मुंबई) मॉडल: 2.5Z E4 | 3,82,500 | 38,250 | 10,000 |
| 13 | मित्सुबिशी आउटलैंडर- DL-4C AV5082 (मुंबई) मॉडल: आउटलैंडर | 3,82,500 | 38,250 | 10,000 |
| 14 | कार-इनोवा- DL 3CBD 6620 (दिल्ली) मॉडल: 2.5 GX 7S | 3,46,500 | 34,650 | 10,000 |
| 15 | होंडा एकॉर्ड - एमएच 04 ईक्यू 6299 (मुंबई) मॉडल: 2.4 एटी सीसी बीएसIII | 3,06,000 | 30,600 | 10,000 |
| 16 | टोयोटा एल्टिस- एमएच 04 ईएच 4309 (मुंबई) मॉडल: 1.8जी बीएसII | 3,06,000 | 30,600 | 10,000 |
| 17 | होंडा सिविक - एमएच 04 डीएन 2539 (मुंबई) मॉडल: 1.8 एस एमटी | 3,06,000 | 30,600 | 10,000 |
| 18 | कार-SX4-DL 9 CX 1673 (दिल्ली) मॉडल: SX4 ZXI BS3 M | 1,57,500 | 15,750 | 5,000 |

**नीलामी प्रक्रिया के लिए टिप्पणियां :-**

- दोनों विकल्पों में बिडिंग की अनुमति प्रत्येक विकल्प / लॉट हेतु ईएमडी जमा करवाने पर दी जाएगी।
- यदि विकल्प ए के तहत उच्चतम बोलीदाता उपरोक्त प्वाइंट में वर्णित अनुसार बोली मूल्य प्रस्तावित करता है, विकल्प ए के तहत एच 1 बोलीदाता को सफल बोलीदाता के तौर पर घोषित किया जाएगा और विकल्प बी के तहत ई-नीलामी निरस्त मानी जाएगी। अन्यथा विकल्प बी के तहत सम्बन्धित लॉट्स में उच्चतम बोलीदाताओं को सफल बोलीदाताओं के तौर पर घोषित किया जाएगा।

**बोली दस्तावेजों को जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि** : 01 जून 2024 (शनिवार)
**निरीक्षण हेतु अन्तिम तिथि** : 08 जून 2024 (शनिवार)
**ईएमडी जमा की अन्तिम तिथि** : 10 जून 2024 (सोमवार) अप. 5.00 बजे तक
**ई-नीलामी की तिथि व समय** : 12 जून 2024 (बुधवार) अप. 12:00 बजे से अप. 3:00 बजे तक

टिप्पणी :- विस्तृत नियम व शर्तें, ई-नीलामी बोली दस्तावेज, घोषणा और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के अन्य विवरण https://pda.nesl.co.in पर और प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वेबसाइट https://www.pratibhagroup.com पर उपलब्ध हैं।

किन्हीं स्पष्टीकरणों के मामलों में, कृपया अधोहस्ताक्षरी से liquidator.pratibha@gmail.com पर सम्पर्क करें।

हस्ता/-
एविल मेनेजेज
प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के ऋणशोधक के तौर पर
असाइनमेंट हेतु अधिकार 27 नवम्बर 2024 तक वैध
Registration No. IBBI/IPA-001/IP-P00017/2016-17/10041
पंजी. पता : 106, प्रथम तल, कनाकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-400093
Email: liquidator.pratibha@gmail.com

दिनांक : 18 मई 2024
स्थान : मुम्बई



**MOHIT मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड**
CIN: L21093DL1992PLC116600
पंजी. कार्यालय : 15ए/13, अपर ग्राउंड फ्लोर, ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008
वर्क्स : 9 किमी. पत्थर, नगीना रोड, बिजनौर, यू.पी.-246701
Ph: 011-25886798, Website: www.mohitpaper.in, Email: investorsmohitpaper@gmail.com

**डाक मतदान/ई-वोटिंग की सूचना**

सदस्यों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2002 ('प्रबंधन नियमों') के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 ('दि एक्ट') की धारा 110 और 108 के प्रावधानों और अन्य लागू प्रावधानों तथा इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सैक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवालयी मानक ('एसएस-2') और कम्पनी मामलों का मंत्रालय ('दि एमसीए/एमसीए सरकुलर्स'), भारत सरकार द्वारा जारी सामान्य सरकुलर नं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, 20/2020 दिनांक 5 मई 2020, 22/2020 दिनांक 15 जून 2020, 33/2020 दिनांक 28 सितम्बर 2020, 39/2020 दिनांक 31 दिसम्बर 2020, 10/2021 दिनांक 23 जून 2021, 20/2021 दिनांक 8 दिसंबर 2021, 3/2022 दिनांक 5 मई 2022, 11/2022 दिनांक 28 दिसम्बर 2022 एवं 09/2023 दिनांक 25 सितम्बर 2023 और भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड के नियमन 44 (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों 2015 ("लिस्टिंग नियमनों") और कोई अन्य लागू कानून, नियमों, सरकुलर्स, अधिसूचनाओं (समय-समय पर लागू कोई वैधानिक संशोधन(नों) अथवा उनके पुनः क्रियान्वयन(नों) समेत) के अनुसरण में मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड (दि 'कम्पनी') के सदस्यों का अनुमोदन दूरस्थ ई-वोटिंग ('ई-वोटिंग') प्रक्रिया द्वारा निम्नलिखित विशेष प्रस्ताव के लिए मांगा गया है :

| क्र.सं. | विवरण |
|---|---|
| 1. | एक स्वतंत्र निदेशक के तौर पर श्री सत्य प्रकाश (डीआईएन : 10564516) की नियुक्ति |
| 2. | एक स्वतंत्र निदेशक के तौर पर श्रीमती शुभी जैन (डीआईएन : 10564596) की नियुक्ति |
| 3. | एक स्वतंत्र निदेशक के तौर पर श्रीमती साक्षी जैन (डीआईएन : 10564854) की नियुक्ति |

उपरोक्त अधिसूचनाओं / सरकुलर्स के अनुपालन में डाक मतदान की सूचना की इलैक्ट्रोनिक प्रति उन सभी सदस्यों को शुक्रवार 17 मई 2024 को भेज दी गई है जिनके ई-मेल आईडीज कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(एस) के पास बुधवार, 15 मई 2024 ('कट-ऑफ तिथि') के अनुसार पंजीकृत थे।

डाक मतदान की सूचना कम्पनी की वेबसाइट पर http://www.mohitpaper.in पर भी उपलब्ध है और स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट पर www.bseindia.com और लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. ("आरटीए/एलआईआईपीएल") की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in पर भी देखी जा सकती है।

एमसीए सरकुलर्स के प्रावधानों के अनुसार, सदस्य केवल ई-वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। सदस्यों के मताधिकारों की गणना कट-ऑफ तिथि के अनुसार उनके द्वारा धारित कम्पनी के इक्विटी शेयरों के आधार पर की जाएगी। कोई व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि के अनुसार कम्पनी का शेयरधारक नहीं है, डाक मतदान सूचना को केवल जानकारी के प्रयोजन हेतु मानेगा।

अधिनियम की धारा 108 और लिस्टिंग नियमनों के नियमन 44 के साथ पठित उनके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुपालन में सदस्यों को दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु किसी भी स्थान से इलैक्ट्रोनिक वोटिंग प्रणाली का उपयोग करते हुए, सूचना में विनिर्दिष्ट सभी प्रस्तावों पर उनका मतदान करने के लिए एक सुविधा प्रदान की गई है। कम्पनी https://instavote.linkintime.co.in पर दूरस्थ ई-वोटिंग प्रणाली की सुविधा प्रदान करने के लिए एलआईआईपीएल को नियुक्त कर चुकी है। ई-वोटिंग सुविधा के प्रारम्भ और समाप्ति का कार्यक्रम निम्नानुसार है :-

| विवरण | दूरस्थ ई-वोटिंग |
|---|---|
| ई-वोटिंग का प्रारम्भ | सोमवार, 20 मई 2024 पूर्वा. 9.00 बजे आईएसटी |
| ई-वोटिंग का समापन | मंगलवार, 18 जून 2024 अप. 5.00 बजे आईएसटी |
| मतदान के लिए पात्रता की कट-ऑफ तिथि | बुधवार, 15 मई 2024 |
| ई-वोटिंग सुविधा का वेब लिंक | https://instavote.linkintime.co.in |

दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु विस्तृत निर्देश डाक मतदान सूचना में दिये गये हैं। ई-वोटिंग सुविधा मंगलवार, 18 जून 2024 को अप. 5.00 बजे आईएसटी के पश्चात अयोग्य कर दी जाएगी।

सदस्य जो अपने ई-मेल पते अद्यतन नहीं करवा चुके हैं, से आग्रह किया जाता है कि इलैक्ट्रोनिक रूप में उनके द्वारा धारित शेयरों के सम्बन्ध में इनको अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के माध्यम से डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत करवाएं और भौतिक रूप में धारित शेयरों के सम्बन्ध में कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए), लिंक इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (एलआईआईपीएल), नोबल हाइट्स, प्रथम तल, प्लॉट एनएच-2 सी-1, ब्लॉक एलएससी, निकट सावित्री मार्केट, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058, (फोन नं. : +91-11-49411000, 41410592; फैक्स नं. +91-11-41410591; ई-मेल : delhi@linkintime.co.in अथवा sunil.mishra@linkintime.co.in) से सम्पर्क कर सकते हैं।

कम्पनी का निदेशक मंडल ('दि बोर्ड') निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से डाक मतदान / ई-वोटिंग प्रक्रिया आयोजित करने हेतु संवीक्षाकर्ता के तौर पर मै. अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कम्पनी सैक्रेटरीज के पार्टनर, ('संवीक्षाकर्ता') श्री अंकित जैन (एसीएस-31103, सीपी 26724) को नियुक्त कर चुका है।

संवीक्षकर्ता कम्पनी के अध्यक्ष ('दि चेयरमैन') अथवा अध्यक्ष द्वारा अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को अपनी रिपोर्ट जमा करवाएंगे, और परिणाम ई-वोटिंग अवधि के समापन से 48 घंटे के अंदर अर्थात बृहस्पतिवार, 20 जून 2024 को अप. 5.00 बजे आईएसटी या इससे पूर्व घोषित किया जाएगा। संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट सहित घोषित परिणाम इस डाक मतदान सूचना में प्रदान किए गए तरीके से संचारित किया जाएगा। ई-वोटिंग की अन्तिम तिथि अर्थात मंगलवार, 18 जून 2024, और मतदान का परिणाम वह तिथि होगा जिसको प्रस्ताव पारित किया गया है, माना जाएगा, यदि अपेक्षित बहुमत द्वारा अनुमोदित किया गया है।

सदस्य कृपया ध्यान दें कि :

इलैक्ट्रोनिक मतदान की प्रक्रिया डाक मतदान की सूचना में प्रदान की गई है। कोई व्यक्ति जो कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और डाक मतदान सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट-ऑफ तिथि के अनुसार शेयर धारण करता है, आरटीए, लिंक इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (एलआईआईपीएल), नोबल हाइट्स, प्रथम तल, प्लॉट एनएच-2 सी-1, ब्लॉक एलएससी, निकट सावित्री मार्केट, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058, (फोन नं. : +91-11-41410592; फैक्स नं. +91-11-41410591; ई-मेल : delhi@linkintime.co.in अथवा sunil.mishra@linkintime.co.in) से इलैक्ट्रोनिकली मतदान करने के लिए लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं और अपने प्रश्नों/शिकायतों, यदि कोई हो, के निपटान के लिए भी सम्पर्क कर सकते हैं, अथवा कम्पनी के कार्पोरेट कार्यालय मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड, 15ए/13, अपर ग्राउंड फ्लोर, ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008 में कम्पनी सचिव के पास (फोन नं. +91-11-25886798 ; ई-मेल investorsmohitpaper@gmail.com) सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड
हस्ता/-
शिवम शर्मा
कम्पनी सचिव
एम. नं. : ए42083

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 18 मई 2024

# Maliwal face of BJP conspiracy to frame Kejriwal, says AAP

■ ***Atishi said that Maliwal reached Kejriwal's house on May 13 without any appointment and the whole sequence of events suggests that she was sent there on BJP's instructions.***

Staff Reporter
New Delhi

Aam Aadmi Party (AAP) party leader Atishi refuted assault charges levelled by its Rajya Sabha member Swati Maliwal against Delhi chief minister Arvind Kejriwal's aide Bibhav Kumar, dismissing them as a conspiracy orchestrated by the Bharatiya Janata Party (BJP) to tarnish Kejriwal's image.

Addressing a media briefing, Atishi said that Maliwal reached Kejriwal's house on May 13 without any appointment and the whole sequence of events indicates that she was sent there on BJP's instructions in a bid to level false charges against the Delhi chief minister.

"Ever since Arvind Kejriwal has got bail, the BJP has been rattled. Due to this, it hatched a conspiracy under which Swati Maliwal was sent to Arvind Kejriwal's house on the morning of May 13," Atishi claimed, adding that the former chief



of Delhi women's commission was the face and pawn of this conspiracy.

